इस बार के सवाल

सवालीराम

सवालीराम से इस बार पूछा गया सवाल कुछ इस तरह से है:

प्रयोगशाला में जो थर्मामीटर हम इस्तेमाल करते हैं, उसमें पारा या एल्कोहल भरा होता है। यदि हम इस थर्मामीटर को उल्टा या टेढ़ा कर देते हैं तो भी उसमें भरा पारा या एल्कोहल दूसरी ओर नहीं सरकता। ऐसा क्यों होता है?

– चौइथराम स्कूल इंदौर, कक्षा 8वीं के कई छात्र

ज़रा सिर खुजलाइए



ऊपर तीन वृत्त बने हैं जिनकी परिधि दूसरे वृत्त के केन्द्र से होकर गुज़र रहीं हैं। इस बार आपको यह बताना है कि ऊपर तीनों वृत्तों द्वारा एक-दूसरे को ढांकने से बना शेडेड भाग किसी भी एक वृत्त के चौथाई हिस्से से बड़ा है या छोटा है। वैसे सवाल का जवाब आप गणितीय विधि से दे सकते हैं या किसी तर्क के आधार पर भी।

इन दोनों सवालों के जवाब हमें संदर्भ के पते पर भेजिए।